नेपाल रेल परियोजना

18 सितंबर 2020 को, कोंकण रेलवे ने आई.सी.एफ, चेन्नई द्वारा निर्मित नेपाल रेलवे के लिए 5 कारों वाले दो डेमू ट्रेनसेट की आपूर्ति, वितरण और कमीशन कर के पहली बार अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस परियोजना में शामिल कोंकण रेलवे की टीम ने नेपाल रेलवे की संतुष्टि के लिए परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया ।

आई.सी.एफ, चेन्नई द्वारा निर्मित 5 कारों वाले दो डेमू ट्रेनसेट की आपूर्ति, वितरण और कमीशनिंग के लिए कोंकण रेलवे को पहले अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध के सफल समापन के लिए नेपाल सरकार की ओर से प्रशंसा - पत्र प्राप्त हुआ है। इस कार्य के लिए अनुबंध समझौते पर 10 मई 2019 को नेपाल सरकार और के आर सी एल के बीच हस्ताक्षर किए गए थे।

सफल निर्यात उपरांत, के.आर.सी.एल को अप्रैल 2021 में नेपाल रेलवे के जयनगर और कुर्था स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाओं के संचालन का कार्य आदेश प्राप्त हुआ है, जिससे नेपाल रेलवे को, डीईएमयू सेवाओं के परिचालन के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। ट्रेन संचालन और अनुरक्षण के क्षेत्र में के.आर.सी.एल के लिए यह पहली अंतरराष्ट्रीय परियोजना होगी।

अनुरक्षण, परिचालन में सहायता प्रदान करने और अन्य सेवाओं के लिए पूर्व मध्य रेलवे के साथ एक अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

अनुबंध के नुसार नेपाल रेलवे प्रणाली के परिचालन हेतु दिंनाक 21/04/2021 से 02/05/2021 तक अध्ययन कक्ष में अभ्यास के साथ फील्ड प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में स्टेशन मास्टर्स, पॉइंट्समैन, ट्रैकमेन और गेटमैन सहित नेपाल रेलवे कंपनी के बासठ (62) अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए थे ।

फोटो: 1600 एचपी डेमू ट्रेनसेट के बाहरी और आंतरिक दृश्य

नेपाल रेलवे कंपनी को 1600 एचपी डेमू के 2 ट्रेन सेट (दो रेक) का उद्घाटन और सुपुर्दगी

नेपाल रेलवे कंपनी के अधिकारियों को प्रशिक्षण

कोंकण रेलवे ने जयनगर (भारत) और कुर्था (नेपाल) के बीच क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक के परिचालन के लिए नेपाल

रेलवे कंपनी (एनआरसीएल) द्वारा एक वर्ष का अनुबंध सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अवधि के दौरान, कोंकण रेलवे ने 100% समयपालन के साथ 528 डेमू सेवाएं परिचालित कीं। नेपाली कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, स्टेशनों का प्रबंधन, ट्रैक और सिग्नलिंग के लिए परिचालन एवं अनुरक्षण सहयोग जैसी अन्य सेवाएं भी प्रदान की गई है।एन.आर.सी.एल के अनुरोध पर अनुबंध को अब मई 2023 तक बढ़ाया है तथा और आगे के विस्तार की प्रक्रिया चल रही है।

अद्यतन:31.03.2023